प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 07.09.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

## आज के मुख्य समाचारः–

– प्रदेश में नौ सितंबर को बलराम जयंती और किसान दिवस मनाया जाएगा–रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री करेंगे।

2– केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा नौ से तेरह सितंबर तक आवासीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा–कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधि और पदाधिकारी भाग लेंगे।

3– छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

4– मौसम विभाग ने कल दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी बारिश होने की चेतावनी दी।

## बलराम जयंती/किसान दिवस

प्रदेश में परसों नौ सितंबर को बलराम जयंती और किसान दिवस मनाया जाएगा। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। वहीं, समारोह की अध्यक्षता कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। समारोह के मुख्य वक्ता भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी होंगे।

जानकारी के अनुसार बलराम जयंती राज्य के सभी सत्ताईस कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी मनाई जाएगी। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में ''प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि'' विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा किसानों को ''प्राकृतिक और गौ आधारित कृषि'' की संकल्पना, इसकी प्रविधि तथा इससे होने वाले लाभों से अवगत कराया जाएगा। इस कार्यशाला में राज्य के विभिन्न जिलों से दो हजार से अधिक किसान शामिल होंगे।

## पंचायती राज

केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा नौ से तेरह सितंबर तक आवासीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित ग्यारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधि और पदाधिकारी भाग लेंगे। इसमें जिला पंचायतों, ब्लॉक पंचायत समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, ग्राम पंचायत के प्रमुख और अन्य

पंचायत अधिकारी भी शामिल होंगे। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिभागियों के लिए नेतृत्व, प्रबंधन और नैतिकता, संसाधन जुटाना और अभिसरण, ग्रामीण नवाचार, परियोजनाओं के प्रभावी प्रबंधन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, इस कार्यक्रम का उद्देश्य वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने और पंचायतों को सक्षम पंचायतों में बदलने के लिए स्वयं के स्रोत से राजस्व बढ़ाना है।

## हवाई अड्डा–डीजी यात्रा उद्घाटन

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडु ने विशाखापट्नम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नौ हवाई अड्डों के लिए डीजी यात्रा सुविधा का वर्चुअल उद्घाटन किया। इनमें छत्तीसगढ़ का रायपुर हवाई अड्डा भी शामिल हैं। इस मौके पर नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि डीजी यात्रा का उद्देश्य हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ के दौरान विभिन्न दस्तावेजों, बोर्डिंग पास, पहचान पत्र और लगेज टैग के कार्य को सरल बनाना है। उन्होंने बताया कि अब तक पचपन लाख से अधिक लोग डीजी ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं और तीन करोड़ से अधिक यात्रियों ने डीजी यात्रा का उपयोग किया है।

## राष्ट्रीय पोषण माह

राष्ट्रीय पोषण माह के सातवें चरण के अंतर्गत अब तक एक करोड़ सैंतीस लाख कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। एक सितंबर से शुरू हुआ पोषण

माह इस महीने की तीस तारीख तक चलेगा। यह अभियान देशभर में बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी के साथ–साथ एनीमिया, विकास निगरानी, पूरक आहार और पोषण भी पढ़ाई भी सहित प्रमुख विषयों पर केंद्रित है। अभियान के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' पहल पर भी जोर दिया जा रहा है, जिसके तहत करीब चौदह लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधारोपण किए जाएंगे।

## मोबाइल लाइब्रेरी वैन

प्रदेश में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद तथा रूम–टु–रीड के संयुक्त तत्वावधान में 'पठन अभियान' के तहत दो मोबाइल लाइब्रेरी वैन का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ एससीईआरटी के संचालक राजेन्द्र कुमार कटारा ने किया। मोबाइल लाइब्रेरी का उद्देश्य बच्चों और समुदायों के बीच पठन कौशल को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालयों में छह सप्ताह की योजना बनाई गई है, जिसमें पठन, लेखन, चित्रकला और सामुदायिक सहभागिता जैसी सीखने की रोचक गतिविधियां शामिल हैं। मोबाइल लाइब्रेरी वैन बच्चों को किताबों और पढ़ने की सामग्री उपलब्ध कराएगी और उन्हें पठन के महत्व को समझाने के लिए विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन करेगी। लाइब्रेरी वैन आगामी दस दिनों तक महासमुंद जिले के बागबहरा विकासखंड अंतर्गत तीस स्कूलों तथा संकुलों में बच्चों और समुदाय सदस्यों के समक्ष विभिन्न पठन गतिविधियों का आयोजन करेगी।

## हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

_____श्रोताओं, कल रविवार को **"हल्बी" और "गोण्डी"** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **"सुकमा"** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## हाथी हमला–मौत

कोरबा जिले के वनांचल क्षेत्र की ग्राम पंचायत माखुरपानी के गढ़कटरा गांव में बीती रात दंतैल हाथी के हमले में एक बुजुर्ग महिला पहाड़ी कोरवा की मौत हो गई। वहीं, हाथी ने दो मवेशियों को भी मार डाला। इसके कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला अपने घर में सोई हुई थी। इस दौरान हाथी ने घर को तोड़कर महिला पर हमला कर

दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के सरपंच और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा स्थिति का जायजा लिया।

इस बीच, बालको वनक्षेत्र के रेंजर जयंत सरकार ने बताया कि दंतैल हाथी गांव के आसपास विचरण कर रहा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से चुईया–अगरबाहर से सतरेंगा जाने वाले मार्ग को बंद कर दिया गया है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वे जंगल की ओर न जाएं।

उधर, बलरामपुर जिले के राजपुर वनक्षेत्र के ठरकी–मुनवा गांव में बीती रात जंगली हाथी ने एक कच्चे घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखा राशन नष्ट कर दिया। वहीं, घर के अंदर खूंटे से बंधे सात मवेशियों को मार डाला। घर ने सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर आज वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुंची। अधिकारियों ने ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी है।

## दुर्घटना

बलरामपुर जिले में बीती रात हुई एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि, एक नाबालिग युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अंबिकापुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के बरियो पुलिस चौकी क्षेत्र के सिधमा–ककना मार्ग पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क किनारे लगे माइलस्टोन से जा टकराई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक नीचे जा गिरे, जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

## खेल समाचार

बैंगलूरू में आयोजित तिरसठवीं राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप में भारतीय रेलवे की महिला टीम ने पहला और पुरूष टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया है। विजेता टीमों में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की तीन महिला और तीन पुरूष खिलाड़ी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से बारह खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इनमें फ्लोरेंस बरला ने चार सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, रितेश ओहरे किरण ने पंद्रह सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और रवि ने हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसी तरह, महिला वर्ग में दीक्षा ने पंद्रह सौ मीटर दौड़ में रजत पदक, अभिलाष सक्सेना ने गोला फेंक में रजत और योगिता ने गोला फेंक में कांस्य पदक जीता है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर महाप्रबंधक नीनू इटियेरा ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## गणेश चतुर्थी

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुद्धि, विवेक और सौभाग्य–समृद्धि के प्रतीक गणपति जी का दस दिन का उत्सव आज से शुरु होकर चतुर्दशी पर संपन्न होगा। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में भगवान गणेश

की मूर्तियां विराजित की जा रही हैं। जगह–जगह ढोल–नगाड़ों और ''गणपति बप्पा मोरिया'' के जयकारों के साथ गणेश प्रतिमाओं को सार्वजनिक पंडालों और घरों में स्थापित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की। उन्होंने परिजनों के साथ पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**चक्रधर–समारोह**

रायगढ़ के रामलीला मैदान में अब से कुछ देर पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चक्रधर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह के पहले दिन जानी–मानी शास्त्रीय नृत्यांगना और अभिनेत्री पद्‌मश्री हेमा मालिनी नृत्य नाटिका 'राधा रासबिहारी' की प्रस्तुति देंगी। दस दिनों तक चलने वाले इस समारोह में देश और प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार प्रतिदिन अपनी प्रस्तुति देंगे।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। भारी वर्षा का मुख्य क्षेत्र दक्षिण

छत्तीसगढ़ रहेगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम–मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दाब का क्षेत्र बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने और गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

– प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि इस महीने की पंद्रह तारीख है। ये पुरस्कार हर साल जनवरी में महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाते हैं और इस साल छब्बीस दिसंबर को वीर बाल दिवस पर इनकी घोषणा की जाएगी।

– मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये बस्तर संभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर नियद नेल्लानार योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

– दक्षिण मध्य रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार वारंगल–विजयवाड़ा सेक्शन में भारी बारिश के कारण कल बिलासपुर से चलने वाली बिलासपुर–चेन्नई एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>